Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Kekri in Ajmer Parliamentary Constituency, Rajasthan. -laid

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर के केकड़ी विधान सभा क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक भी केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं होने से क्षेत्रवासियों एवं छात्र-छात्राओं में रोष व्याप्त है । इस विधान सभा क्षेत्र में 51 ग्राम पंचायतें, 2 नगर पालकि, 2 पंचायत समिति, 4 तहसील, 1 उपतहसील तथा 4 पुलिस थाने स्थापित हैं । इस क्षेत्र में लगभग 2,55,000 मतदाता हैं । केकड़ी शहरी मुख्यायल पर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, पं.स. कार्यालय, तहसील कार्यालय, अति. पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय, उपकोषाधिकारी कार्यालय, सहायक निदेशक कृषि कार्यालय, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, 3 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं 5 निजी महाविद्यालय, 3 बीएड कॉलेज सहित 25-30 निजी विद्यालय संचालित हैं । केकड़ी परिक्षेत्र में भारतीय सेना के 700 पूर्व व वर्तमान सैनिक परिवार भी निवास करते हैं लेकिन अजमेर जिले में अजमेर शहर, किशनगंज, नसीराबाद एवं ब्यावर में केन्द्रीय विद्यालय संचालित होने से केकड़ी परिक्षेत्र के वाशिंदों, छात्र-छात्राओं एवं सैनिक परिवारजनों को उक्त स्थापित केन्द्रीय विद्यालय की 70 से 80 कि0मी0 की दूरी पर स्थित होने के कारण इनमें शिक्षा अध्ययन का समग्र लाभ नहीं मिल पा रहा है । वहीं दूसरी ओर गत 15 वर्षों में केकड़ी परिक्षेत्र के आसपास बीसलपुर बांध डूब क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों के परिवारजन भी बस गये

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि केकड़ी (अजमेर) परिक्षेत्र की उक्त वस्तुस्थिति विभागीय स्तर पर अवलोकन कराकर यहां पर केन्द्रीय मानव संसाधन विभाग की विभागीय योजना वर्ष 2019-20 में एक नवीन केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को स्वीकृत करवाने का कार्य करायें ।